1000209 - B1

विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में मुख पृष्ठ पर कोड नं. अवश्य लिखें।

Class - X
कक्षा - X

HINDI
हिन्दी

(Course A)
(पाठ्यक्रम अ)

निर्धारित समय : **3** घंटे] [अधिकतम अंक : **80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं।
- प्रश्न-पत्र में बाएँ हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है। इस अवधि के दौरान छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खंड हैं — **क, ख, ग** और **घ**।

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

खंड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए। **5**

आकाशगंगा तारों का महापरिवार है। शायद नदी की धारा की तरह दिखाई पड़ने के कारण ही इसका नाम 'आकाशगंगा' पड़ा होगा। आकाश में कई आकाशगंगा हैं। लेकिन पृथ्वी से केवल एक ही आकाशगंगा दिखाई पड़ती है, जिसका नाम 'स्पाइरल गैलेक्सी' है।

हमारी आकाशगंगा पहिए की आकृतिवाली है, जिसके केंद्र से तारक मछली की भाँति भुजाएँ निकलती प्रतीत होती हैं। तुम्हें यह जानकर आश्चर्य होगा कि इस आकाश गंगा में लगभग बीस अरब तारे हैं। उनमें से अनेक तारे तो सूर्य से कई गुणा बड़े हैं।

पृथ्वी से समतल पट्टी जैसी दिखनेवाली इस आकाशगंगा को उपर या ठीक नीचे देखा जाए तो यह बीच में उभार लिए गोल प्लेट की तरह दिखेगी। इस आकाशगंगा के केंद्र में तारों का भारी जमघट है। यही जमघट उभार की तरह दिखता है। अन्य तारे धूल और गैस के बादलों में समाए हुए हैं, जो केंद्र की तरफ आती भुजाओं का रूप बनाती है। हमारा सूर्य भी आकाशगंगा का एक सदस्य है। यह उसके केंद्र से सुदूर इसकी एक भुजा पर स्थित है।

क्या तुम अंदाजा लगा सकते हो कि यह आकाशगंगा कितनी बड़ी है ? इसको समझने के लिए तुम्हें पहले किलोमीटर से भी बड़ी इकाई को समझना पड़ेगा। तुमने प्रकाश वर्ष का नाम सुना होगा। एक प्रकाश वर्ष का अर्थ है – एक वर्ष में प्रकाश द्वारा तय की जानेवाली दूरी। अब तुम्हें बताता हूँ, आकाशगंगा की विशालता के बारे में। इसके एक छोर से दूसरे छोर की दूरी लगभग एक लाख प्रकाश वर्ष है।

(1) आकाश गंगा क्या है ? **1**

(क) तारों का महा परिवार (ख) नदियों का महा परिवार

(ग) उल्का पिंडों का महा परिवार (घ) उपरिलिखित सभी

(2) आकाशगंगा में लगभग कितने तारे हैं ? **1**

(क) लगभग तीस अरब तारे (ख) लगभग बीस अरब तारे

(ग) लगभग एक सौ बीस अरब तारे (घ) लगभग चालीस अरब तारे

(3) प्रकाश वर्ष किसे कहते हैं ? **1**

(क) एक वर्ष में प्रकाश द्वारा तय की जानेवाली दूरी

(ख) एक सौ वर्ष में प्रकाश द्वारा तय की जानेवाली दूरी

(ग) एक लाख वर्ष में प्रकाश द्वारा तय की जानेवाली दूरी

(घ) एक अरब वर्ष में प्रकाश द्वारा तय की जानेवाली दूरी

(4) 'महापरिवार' शब्द में कौन-सा समास है। **1**

(क) अव्ययी भाव समास (ख) द्वन्द्व समास

(ग) द्विगु समास (घ) कर्मधारय समास

(5) इस गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक है 1

(क) आकाश (ख) पृथ्वी

(ग) आकाशगंगा (घ) पातालगंगा

2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तरों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए। 5

अकबर के दरबार में नव रत्न थे। इनके नाम थे - राजा बीरबल, राजा मानसिंह, राजा टोडरमल, हकीम हुमाम, मुल्ला दोपियाजा, फैजी, अबुल फजल, रहीम और तानसेन। राजनीति और शासन में अबुल फजल के जोड़ का कोई न था। मानसिंह के समान दूसरा कोई योद्धा न था। टोडरमल में इन दोनों के गुण मौजूद थे। उनका जन्म वर्तमान उत्तर प्रदेश में सीतापुर जिले के लहरपुर नामक गाँव में हुआ था। 1573 ईसवी. में जब अकबर ने गुजरात को जीत लिया तब उस प्रांत में भूमि का बंदोबस्त करने के लिए टोडरमल को भेजा। वहाँ उन्होंने जमीन की नाप-जोख कराई और जमीन का किस्म, उसके रकबे और पैदावार के हिसाब से मालगुजारी निश्चित की। दो ही वर्षों में गुजरात में शांति छा गई। किसान सुखी जान पड़ने लगे और राजकोष में काफी धन भी जमा हो गया। इससे अकबर इतना खुश हुआ कि उसने सारे साम्राज्य की भूमि का प्रबंध टोडरमल को सौंप दिया।

टोडरमल ने संपूर्ण साम्राज्य को 182 परगनों में इस तरह बाँटा कि प्रत्येक परगने से एक करोड़ रुपया वार्षिक लगान मिले। प्रत्येक परगना एक अफसर के अधीन किया गया जो करोड़ी कहलाता था। परंतु ये कारोड़ी बहुत लालची थे और किसानों से मनमाना लगान वसूल करते थे। इसकी शिकायतें, जब अकबर के पास पहुँची, तब उन्होंने टोडरमल को 'दीवाने अशरफ' (माल विभाग का सबसे बड़ा अफसर) बनाया और इस विभाग में सुधार करने के लिए उन्हें पूरा अधिकार दिया। उन दिनों धर्म को राजनीति से अलग करना बड़ा कठिन था। परंतु टोडरमल ने इस ओर भी ध्यान दिया। वह यह पसंद नहीं करते थे कि हिंदुओं पर केवल इसलिए 'जजिया' नाम का कर लगाया जाए कि वे हिंदू हैं। यह बात उन्होंने अकबर के सामने रखी और उसने 'जजिया' उठा लिया।

(1) अकबर के दरबार में कौन-सा व्यक्ति नवरत्नों में से नहीं था ? 1

(क) राजा बीरबल (ख) राजा मानसिंह

(ग) रहीम (घ) कबीर

(2) भूमि का बंदोबस्त करने के लिए टोडरमल को कहाँ भेजा गया ? 1

(क) उत्तर प्रदेश में (ख) गुजरात में

(ग) सीतापुर में (घ) लहरपूर में

(3) प्रत्येक परगना का अफसर क्या कहलाता था ? 1

(क) दीवाने अशरफ (ख) जजिया

(ग) करोड़ी (घ) लालची

(4) 'मनमाना' शब्द में कौन-सा समास है ? 1

(क) बहुब्रीहि समास (ख) अव्ययीभाव समास

(ग) द्विगु समास (घ) तत्पुरुष समास

(5) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है - **1**

(क) अकबर का शासन (ख) टोडरमल का शासन

(ग) करोड़ी का शासन (घ) राजा मानसिंह का शासन

3. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प छाँटकर लिखिए। **5**

हारा हूँ सौ बार
गुनाहों से लड़ लड़ कर
लेकिन बारंबार लड़ा हूँ
मैं उठ-उठ कर,
इससे मेरा हर गुनाह भी मुझसे हारा
मैंने अपने जीवन को इस तरह उबारा।
डूबा हूँ हर रोज
किनारे तक आ-आ कर,
लेकिन मैं हर रोज़
उगा हूँ जैसे दिनकर,
इससे मेरी असफलता भी मुझसे हारी
मैंने अपनी सुंदरता इस तरह सँवारी।

(1) कवि अपने हर गुनाह को कैसे जीत पाया ? **1**

(क) निरंतर संघर्ष करते हुए। (ख) हथियारों से लड़ते हुए।

(ग) लोगों को डरा-धमका कर। (घ) लोगों से राय लेकर।

(2) 'डूबा हूँ हर रोज किनारे तक आ-आकर - कवि किसमें डूबने की बात कह रहा है ?' **1**
(अनुपयुक्त उत्तर छाँटिए)

(क) नहाते समय पानी में डूब जाने की।

(ख) उद्देश्य प्राप्ति के निकट पहुँचकर निराश होने की।

(ग) लक्ष्य के पास पहुँचकर भी उसे प्राप्त न कर पाने की।

(घ) सफलता के निकट पहुँचने पर भी असफल होने की।

(3) 'लेकिन मैं हर रोज उगा हूँ जैसे दिनकर', पंक्तियों में कौन-सा अलंकार निहित है ? **1**

(क) यमक अलंकार (ख) श्लेष अलंकार

(ग) उपमा अलंकार (घ) रूपक अलंकार

(4) अंत में कवि ने किसे हरा दिया ? **1**

(क) कष्टदायी रोगों को (ख) दिनकर को

(ग) सुंदरता को (घ) जीवन की असफलताओं को

(5) इस कविता का मुख्य संदेश है – **1**

(क) निराशावादी बनना (ख) आशावादी बनना

(ग) देशभक्त बनना (घ) आलसी बनना

4. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए। **5**

कुछ भी बन बस कायर मत बन !
ठोकर मार पटक मत माथा,
तेरी राह रोकते पाहन !
कुछ भी बन बस कायर मत बन !

ले-देकर जीना क्या जीना ?
कब तक गम के आँसू पीना ?
मानवता ने सींचा तुझको,
बहा युगों तक खून-पसीना !
कुछ न करेगा, किया करेगा
रे मनुष्य बस, कातर क्रंदन ?

कुछ भी बन बस कायर मत बन !

(1) कवि किसे ठोकर मारने की बात कहता है ? **1**

(क) जीवन-मार्ग में आनेवाली बाधाओं को।

(ख) जीवनमार्ग में आनेवाली ईंट की दीवारों को।

(ग) काँटों भरे रास्तों को।

(घ) शक्तिशाली शत्रु को।

(2) ले-देकर जीना बुरा क्यों हैं। (अनुपयुक्त उत्तर छाँटिए) **1**

(क) जीवन-जीना सरल हो जाता है।

(ख) दूसरों के आगे झुकना पड़ता है।

(ग) अपने सिद्धान्तों से समझौता करना पड़ता है।

(घ) अपने आदर्शों को त्यागना पड़ता है।

(3) 'कुछ भी बन बस कायर मत बन !' पंक्ति में निहित अलंकार है – 1

(क) यमक अलंकार (ख) अनुप्रास अलंकार

(ग) रूपक अलंकार (घ) उपमा अलंकार

(4) इस कविता खण्ड में कवि ने क्या संदेश दिया है ? 1

(क) गम के आँसू पीने का। (ख) सबके आगे झुक जाने का।

(ग) आत्मसमर्पण करने का। (घ) कायर न बनने का

(5) 'कुछ न करेगा ? किया करेगा – रे मनुष्य – बस कातर क्रंदन' पंक्ति में कौन-सा भाव प्रमुख हैं ? 1

(क) निष्क्रियता पर व्यंग करने का। (ख) उलाहना देने का।

(ग) कर्म के लिए प्रेरित करने का। (घ) चुनौती या ललकारने का।

खंड 'ख'

5. (क) निम्नलिखित में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया प्रयुक्त हुई है ? सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1

(i) नरेन्द्र दौड़ता है। (ii) मैं पत्र पढ़ता हूँ।

(iii) तोता फल खाता है। (iv) विजेता पुरस्कार पाता है।

(ख) 'लोग मीठा पानी पी रहे हैं।'

उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित क्रियाओं का भेद निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1

(i) सकर्मक क्रिया (ii) द्विकर्मक क्रिया

(iii) अकर्मक क्रिया (iv) अपूर्ण क्रिया

(ग) चिड़िया उड़ रही है। वाक्य में प्रयुक्त क्रिया का भेद निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1

(i) द्विकर्मक क्रिया (ii) एक कर्मक

(iii) सकर्मक क्रिया (iv) अकर्मक क्रिया

(घ) निम्नलिखित विकल्पों से सकर्मक क्रिया का सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1

(i) डूबा (ii) डूबना

(iii) डूबक (iv) डुबोना

6. (क) निम्नलिखित वाक्यों में से एक कर्मक क्रिया प्रयुक्त होने वाले वाक्य के सही विकल्प को चुनकर लिखिए। 1

(i) विद्यार्थी लिखना सीख रहे हैं। (ii) माली कब जाएगा ?

(iii) लड़के ने नाना को पत्र लिखा (iv) चोर कैसे भागा ?

(ख) 'वीर प्राय: आ जाया करता है।' वाक्य में प्रयुक्त मुख्य क्रिया निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1

(i) आना (ii) जाना

(iii) करना (iv) है

(ग) 'शंकर ने कंचन से चित्र बनवाया' वाक्य में प्रयुक्त क्रिया का भेद निम्नलिखित विकल्पों से चुनकर लिखिए। 1

(i) अकर्मक क्रिया (ii) एक कर्मक क्रिया

(iii) द्विकर्मक क्रिया (iv) सकर्मक क्रिया

(घ) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में मुख्य क्रिया प्रयुक्त नहीं हुई है – सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1

(i) वह तेज दौड़ता है। (ii) अब आराम किया जाए।

(iii) माधव सो रहा है। (iv) खिलौना किसने तोड़ा ?

7. (क) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में सहायक क्रिया प्रयुक्त हुई है ? सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1

(i) मोर नाचेगा (ii) राम ने आम खरीदे

(iii) वे सवेरे सैर पर जाया करते हैं (iv) गुब्बारा फटा

(ख) अध्यापिका लिख रही है। वाक्य में रेखांकित क्रिया का भेद निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए – 1

(i) सहायक क्रिया (ii) संयुक्त क्रिया

(iii) मुख्य क्रिया (iv) उपर्युक्त में कोई नहीं

(ग) निम्नलिखित में से किस वाक्य में संयुक्त क्रिया प्रयुक्त नहीं हुई है ? सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1

(i) अमन ने पतंग उड़ाई। (ii) वृद्ध चल सकता है।

(iii) आपको जाना पड़ेगा। (iv) बालक कथा सुन रहा होगा।

(घ) 'उसका रूमाल गिर गया।' इस वाक्य में रेखांकित क्रियाओं के भेद का सही विकल्प निम्नलिखित विकल्पों से चुनकर लिखिए। 1

(i) संयुक्त क्रिया (ii) सहायक क्रिया

(iii) मुख्य क्रिया (iv) तीनों में से कोई नही

8. **निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त विशेषणों के भेद दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

(क) यह पुस्तक दे दो। 1

(i) निश्चित सार्वनामिक विशेषण (ii) गुणवाचक विशेषण

(iii) परिमाणवाचक विशेषण (iv) निश्चित संख्यावाचक विशेषण

(ख) उसने पीला सूट पहना था। **1**

(i) संख्यावाचक विशेषण (ii) सार्वनामिक विशेषण

(iii) गुणवाचक विशेषण (iv) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण

(ग) विमान दुर्घटना में सौ लोग मारे गए। **1**

(i) गुणवाचक विशेषण (ii) परिमाणवाचक विशेषण

(iii) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण (iv) निश्चित संख्यावाचक विशेषण

(घ) बाजार से थोड़ा दूध ले आओ। **1**

(i) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण (ii) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण

(iii) निश्चित सार्वनामिक विशेषण (iv) गुणवाचक विशेषण

9. निम्नलिखित वाक्यों में दिए गए रिक्त स्थानों को विकल्पों में दिए गए क्रिया विशेषणों से सही विकल्प चुनकर भरिए।

मेधावी छात्र ____(क)____ विद्यालय जाते हैं। वे ____(ख)____ गुरुओं को प्रणाम करते हैं। वे ____(ग)____ सम्मान पाते हैं। वे वर्ष भर मेहनत करते हैं। वे पाठ को ____(घ)____ समझ लेते हैं।

(क) (i) रोजाना (ii) अपने **1**

(iii) अच्छे (iv) किसी भी

(ख) (i) सबके (ii) बड़े **1**

(iii) सदा (iv) अपने

(ग) (i) विद्यालय में (ii) घर में **1**

(iii) सर्वत्र (iv) हजारों बार

(घ) (i) अध्यापकों से (ii) साथियों से **1**

(iii) विद्वानों से (iv) भलीभांति

खंड 'ग'

10. बालगोबिन भगत की मौत उन्हीं के अनुरूप हुई। वह हर वर्ष गंगा-स्नान करने जाते। स्नान पर उतनी आस्था नहीं रखते, जितना संत समागम और लोकदर्शन पर। पैदल ही जाते। करीब तीस कोस पर गंगा थी। साधु को संबल लेने का क्या हक ? और गृहस्थ किसी से भिक्षा क्यों मांगे ? अत: घर से खाकर चलते, तो फिर घर पर ही लौटकर खाते। रास्ते भर खँजड़ी बजाते, गाते। जहाँ प्यास लगती, पानी पी लेते। चार-पाँच दिन आने-जाने में लगते; किंतु इस लंबे उपवास में भी वही मस्ती ! अब बुढ़ापा आ गया था, किंतु टेक वही जवानीवाली। इस बार लौटे तो तबीयत कुछ सुस्त थी। खाने-पीने के बाद भी तबीयत नहीं सुधरी। थोड़ा बुखार आने लगा। किंतु नेम-व्रत तो छोड़नेवाले नहीं थे। वही दोनों जून गीत, स्नानध्यान, खेतीबारी देखना। दिन-दिन छीजने लगे। लोगों ने नहाने-धोने से मना किया, आराम करने को कहा। किंतु हँसकर टाल देते रहे। उस दिन भी संध्या में गीत गाए, किंतु मालूम होता जैसे तागा टूट गया हो, माला का एक-एक दाना बिखरा हुआ। भोर में लोगों ने गीत नही सुना, जाकर देखा तो बालगोबिन भगत नहीं रहे सिर्फ उनका पंजर पड़ा है।

उपरिलिखित गद्यांश के आधार पर सही विकल्पों का चयन कीजिए। **5**

(क) बालगोबिन हर वर्ष स्नान करने कहाँ जाते थे ? **1**

(i) यमुना तट पर (ii) गंगा तट पर

(iii) समुद्र तट पर (iv) सरयू तट पर

(ख) बालगोबिन स्नान पर उतनी आस्था नहीं रखते थे जितनी **1**

(i) संत समागम और लोकदर्शन पर। (ii) रास्ते भर गीत सुनने और सुनाने पर।

(iii) खेतीबारी का काम करने पर। (iv) लोगों को उपदेश सुनाने पर।

(ग) 'वे दिन-दिन छीजने लगे थे', का आशय है कि **1**

(i) बालगोबिन लंबे उपवास रखने लगे थे।

(ii) बालगोबिन नेम-व्रत तोड़ते जाते थे।

(iii) बालगोबिन प्रतिदिन कमजोर होते जा रहे थे।

(iv) बालगोबिन प्रतिदिन स्नान करने जाते थे।

(घ) गद्यांश को पढ़कर बालगोबिन की कैसी छवि उभरती है ? **1**

(i) वे साधु और गृहस्थ दोनों थे। (ii) वे सगुण ब्रह्म के उपासक थे।

(iii) वे सुबह-शाम आरती करते थे। (iv) वे कबीरमठ में गीत गाते थे।

(ङ) भोर में लोगों ने बालगोबिन का गीत नहीं सुना तो जाकर देखा **1**

(i) बालगोबिन खेतों पर जा चुके थे। (ii) वे पैदल - पैदल दूर चले गए थे।

(iii) वे खँजड़ी बजाने में व्यस्त थे। (iv) बालगोबिन मृत्यु को प्राप्त हो चुके थे।

अथवा

जैसा कि कहा जा चुका है, मूर्ति संगमरमर की थी। टोपी की नोक से कोट के दूसरे बटन तक कोई दो फुट ऊँची। जिसे कहते हैं बस्ट। और सुंदर थी। नेताजी सुंदर लग रहे थे। कुछ-कुछ मासूम और कमसिन। फौजी वर्दी में। मूर्ति को देखते ही 'दिल्ली चलो' और 'तुम मुझे खून दो.....' वगैरह याद आने लगते थे। इस दृष्टि से यह सफल और सराहनीय प्रयास था। केवल एक चीज की कसर थी जो देखते ही खटकती थी। नेताजी की आँखों पर चश्मा नहीं था। यानी चश्मा तो था, लेकिन संगमरमर का नहीं था। एक सामान्य और सचमुच के चश्मे का चौड़ा काला फ्रेम मूर्ति को पहना दिया गया था। हालदार साहब जब पहली बार इस कस्बे से गुजरे और चौराहे पर पान खाने रुके तभी उन्होंने इसे लक्षित किया और उनके चेहरे पर एक कौतुकी भरी मुसकान फैल गई। वाह भई ! यह आइडिया भी ठीक है। मूर्ति पत्थर की, लेकिन चश्मा रियल !

उपरिलिखित गद्यांश के आधार पर सही विकल्पों का चयन कीजिए। **5**

(क) मूर्ति किसकी थी ? **1**

(i) मूर्ति हालदार साहब की थी। (ii) मूर्ति कैप्टन साहब की थी।

(iii) मूर्ति नेताजी सुभाषचंद्र बोस की थी। (iv) मूर्ति मास्टर मोतीलाल की थी।

(ख) मूर्ति को देखते ही क्या याद आने लगते थे ? **1**

(i) नेताजी का चश्मा और टोपी।

(ii) 'दिल्ली चलो' और 'तुम मेरे साथ रहो .....

(iii) 'दिल्ली चलो' और 'तुम मुझे खून दो' .....

(iv) नेताजी का चश्मा और वर्दी .....

(ग) मूर्ति को सफल तथा सराहनीय प्रयास क्यों कहा जा सकता है। क्योंकि **1**

(i) मूर्ति पूरी तरह सुंदर लगती थी।

(ii) मूर्ति को देखते ही नेताजी का जीवंत रूप उभरकर सामने आता है।

(iii) मास्टर मोतीलालजी की कुशलता उभरकर आती है।

(iv) हालदार साहब की सोच पता चलती है।

(घ) एक सामान्य और सचमुच के चश्मे का चौड़ा काला फ्रेम मूर्ति को किसने पहना दिया था ? **1**

(i) पान वाले ने (ii) हालदार साहब ने

(iii) कैप्टन ने (iv) बच्चों ने

(ङ) क्या आइडिया ठीक है कि..... **1**

(i) मूर्ति नेताजी की पर चश्मा कैप्टन का।

(ii) मूर्ति में टोपी, कोट और बटन सब थे।

(iii) मूर्ति सुभाषचंद्र बोस की पर चश्मा काला फ्रेम वाला।

(iv) मूर्ति पत्थर की पर चश्मा असली।

11. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए। **2x5=10**

(क) बिना विचार, घटना और पात्रों के भी क्या कहानी लिखी जा सकती है। यशपाल के इस विचार से आप कहाँ तक सहमत है ? **2**

(ख) बालगोबिन भगत की दिनचर्या लोगों के अचरज का कारण क्यों थी ? **2**

(ग) जब तक हालदार साहब ने कैप्टन को साक्षात् देखा नहीं था तब तक उनके मानस पटल पर उसका कौन-सा चित्र रहा होगा ? कल्पना कीजिए। **2**

(घ) लेखक ने मुँह में पानी आने पर भी खीरा खाने से इंकार क्यों किया ? **2**

(ङ) नेताजी की मूर्ति कैसी थी ? **2**

12. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए एवं उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **5**

मधुप गुन-गुना कर कह जाता कौन कहानी यह अपनी,
मुरझाकर गिर रहीं पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी।
इस गंभीर अनंत-नीलिमा में असंख्य जीवन-इतिहास
यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य-मलिन उपहास
तब भी कहते हो-कह डालूँ दुर्बलता अपनी बीती।
तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे - यह गागर रीती।

(i) कविता में मधुप किसे कहा है ? **1**

(ii) मुरझाकर गिरती पत्तियाँ किस ओर संकेत करती हैं ? **1**

(iii) इस अनंत नीले आकाश में क्या होता रहता है? **1**

(iv) 'गागर रीती' से क्या आशय है ? **1**

(v) उपर्युक्त पद्यांश में प्रयुक्त भाषा कौन-सी है ? **1**

अथवा

बादल, गरजो !
घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ !
ललित ललित, काले घुँघराले,
बाल कल्पना के-से पाले,
विद्युत-छबि उर में, कवि, नवजीवन वाले !
वज्र छिपा नूतन कविता
फिर भर दो
बादल, गरजो !
विकल विकल, उन्मन थे उन्मन
विश्व के निदाघ के सकल जन,
आए अज्ञात दिशा से अनंत के घन!
तप्त धरा, जल से फिर
शीतल कर दो
बादल, गरजो !

(i) कवि बादल से संपूर्ण आकाश को घेर लेने के लिए क्यों कहता है? **1**

(ii) 'विद्युत-छवि उर' में पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए। **1**

(iii) कवि को आकाश में बादल कैसे दिखाई देते हैं ? **1**

(iv) 'बाल कल्पना के से पाले' में कौन-सा अलंकार निहित है ? **1**

(v) उपर्युक्त पद्यांश में प्रयुक्त भाषा कौन-सी हैं ? **1**

13. **निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए।** **5**

(i) गोपियों को कृष्ण में ऐसे कौन-से परिवर्तन दिखाई दिये जिनके कारण वे अपना मन वापस पा लेने की बात कहती हैं ? **2**

(ii) कवि आत्मकथा लिखने से क्यों बचना चाहता है ? **2**

(iii) फागुन में ऐसा क्या होता है जो बाकी ऋतुओं से भिन्न होता है? **1**

14. बच्चे माता-पिता के प्रति अपने प्रेम को कैसे व्यक्त करते हैं ? **5**

अथवा

सरकारी तंत्र में जॉर्ज पंचम की नाक लगाने को लेकर जो चिन्ता या बदहवासी दिखाई देती है वह उनकी किस मानसिकता को दर्शाती है ? **5**

खंड 'घ'

पत्र-लेखन

15. आपके इलाके की सड़कें टूटी-फूटी हैं। इनमें गड्ढे हैं। इस कारण आवागमन में बड़ी बाधा आती है। प्राय: दुर्घटनाएँ हो जाती हैं। नगर-निगम अभियंता (निर्माण) का ध्यान आकर्षित करते हुए एक पत्र लिखिए। **5**

अथवा

आपका मित्र वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहा है। अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसे एक बधाई पत्र लिखिए।

16. नीचे दिए गए संकेत -बिंदुओं के आधार पर निबंध लिखिए। **5**

आतंकवाद : एक अंतर्राष्ट्रीय समस्या

आतंकवाद का अर्थ ..... आतंकवाद फैलने के कारण ..... भारत की भयानक स्थिति .....
विभिन्न क्षेत्र आतंकवाद से प्रभावित ..... एक नागरिक के रूप में हमारे कर्तव्य .....

अथवा

मेरी पर्वतीय प्रदेश की यात्रा :

प्रस्तावना ..... यात्रा का कार्यक्रम कैसे बना ..... यात्रा की तैयारी कैसे की .....
यात्रा कैसे शुरू हुई ..... मार्ग के दृश्य और उनकी सुंदरता ..... उपसंहार ..... ।

- o O o -